युवा सेवा एवं खेल विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171002

संख्याः 5–197/2017–खे0प0–परीक्षण ट्रायल– 1458-60

प्रैस नोट

पूर्व जारी प्रेस नोट संख्याः 5.197.2017–युवा0–परीक्षण ट्रायल–1458 दिनांक 14.01.2026 में किए गए आंशिक संशोधन के संदर्भ में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि युवा सेवा एवं खेल विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स–2026 (जिनका आयोजन छत्तीसगढ़ में दिनांक 14 फरवरी, 2026 से प्रस्तावित है) हेतु हिमाचल प्रदेश के जन–जातीय खिलाड़ियों की एथलेटिक्स, स्वीमिंग, भारोत्तोलन, कुश्ती, हॉकी एवं फुटबॉल (महिला एवं पुरुष) खेल स्पर्धाओं की टीमों के चयन के लिए ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं।

प्रस्तावित खेलों में से **एथलेटिक्स** (महिला एवं पुरुष), **तीरंदाजी (रिकर्व एवं कम्पाउंड)** (महिला एवं पुरुष) **तथा फुटबॉल** (महिला एवं पुरुष) खेलों के ट्रायल जिला खेल कार्यालय, लुहणू ग्राउंड, बिलासपुर में दिनांक 19.01.2026 को आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल हेतु खिलाड़ियों का पंजीकरण प्रातः 10 बजे से आरम्भ होगा। सभी इच्छुक खिलाड़ी अपना हिमाचली प्रमाण पत्र, जन–जातीय प्रमाण पत्र (अनिवार्य) तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित परीक्षण केंद्र में समय पर रिपोर्ट करें।

अन्य **खेलों (स्वीमिंग, भारोत्तोलन, कुश्ती, हॉकी)** के ट्रायल पूर्व निर्धारित स्थान (इंदिरा स्टेडियम ऊना) पर ही निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजित किए जाएंगे। उक्त ट्रायल में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को विभाग द्वारा कोई टी.ए.डी.ए. देय नहीं होगा। अधिक जानकारी हेतु दूरभाष नंबर 98160–96296 98168–72218 ऊना तथा 94184 85260 बिलासपुर पर संपर्क करें।

(हितेश आज़ाद, हि0 प्र0से0)
अतिरिक्त निदेशक,
युवा सेवा एवं खेल,
हिमाचल प्रदेश,शिमला–2

पृष्ठांकन संख्याः यथोपरि– दिनांक, 16/1/26 शिमला–171002
प्रतिलिपिः–

1. निदेशक, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला–171002 को इस अनुरोध के साथ अग्रेषित है कि वह उक्त प्रैस नोट को मुख्य समाचार पत्रों में दिनांक 17.1.2026 तक प्रकाशित करवाने की कृपा करें।
2. समस्त जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी, हिमाचल प्रदेश को व्यापक प्रचार व प्रसार हेतु निर्देश दिये जाते हैं कि वह उक्त प्रस्तावित खेल छात्रावास ऊना हि0 प्र0 एवं जिला खेल कार्यालय, लुहणू ग्राउंड, बिलासपुर में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स–2026 ट्रायल हेतु सूचना का अपने–अपने जिला में व्यापक प्रचार व प्रसार करवायें ताकि अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागी उक्त प्रस्तावित ट्रायल में भाग ले सकें।
3. प्रभारी, आईटी सेल निदेशालय युवा सेवा एवं खेल विभाग आवश्यक कार्यवाही हेतु।

( हितेश आज़ाद, हि0 प्र0से0)
अतिरिक्त निदेशक,
युवा सेवा एवं खेल,
हिमाचल प्रदेश,शिमला–2